रिसाला नम्बर : 86

Karamate Faruqe Aa'zam (Hindi)

करामाते फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللہُ تَعَالٰی عَنْہُ

शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत, बानिये दा'वते इस्लामी, ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल

मुह़म्मद इल्यास अ़त्त़ार क़ादिरी र-ज़वी دَامَتْ بَرَکَاتُہُمُ الْعَالِیَہ

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ
اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ؕ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ؕ

किताब पढ़ने की दुआ

अज़ : शैखे़ त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत, बानिये दा'वते इस्लामी, ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल **मुह़म्मद इल्यास अ़त्तार क़ादिरी** र-ज़वी دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه

दीनी किताब या इस्लामी सबक़ पढ़ने से पहले ज़ैल में दी हुई दुआ़ पढ़ लीजिये اِنْ شَآءَ اللّٰه عَزَّوَجَلَّ जो कुछ पढ़ेंगे याद रहेगा । दुआ़ येह है :

اَللّٰهُمَّ افْتَحْ عَلَيْنَا حِكْمَتَكَ وَانْشُرْ
عَلَيْنَا رَحْمَتَكَ يَا ذَا الْجَلَالِ وَالْاِكْرَام

तरजमा : ऐ **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ ! हम पर इल्मो ह़िक्मत के दरवाज़े खोल दे और हम पर अपनी रह़मत नाज़िल फ़रमा ! ऐ अ़-ज़मत और बुज़ुर्गी वाले । (المستطرف ج١ ص٤٠ دارالفكر بيروت)

नोट : अव्वल आख़िर एक एक बार दुरूद शरीफ़ पढ़ लीजिये ।

त़ालिबे ग़मे मदीना
व बक़ीअ़
व मग़्फ़िरत
13 शव्वालुल मुकर्रम 1428 हि.

करामाते फ़ारूक़े आ'ज़म

येह रिसाला **(करामाते फ़ारूक़े आ'ज़म)**

शैखे़ त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत, बानिये दा'वते इस्लामी ह़ज़रत अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल **मुह़म्मद इल्यास अ़त्तार क़ादिरी** र-ज़वी دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه ने **उर्दू** ज़बान में तह़रीर फ़रमाया है ।

मजलिसे तराजिम (दा'वते इस्लामी) ने इस रिसाले को **हिन्दी** रस्मुल ख़त़ में तरतीब दे कर पेश किया है और मक-त-बतुल मदीना से शाएअ़ करवाया है । इस में अगर किसी जगह कमी बेशी पाएं तो मजलिसे तराजिम को (ब ज़रीअ़ए मक्तूब, ई-मेइल या SMS) मुत्तलअ़ फ़रमा कर सवाब कमाइये ।

राबित़ा : मजलिसे तराजिम (दा'वते इस्लामी)
मक-त-बतुल मदीना, सिलेक्टेड हाउस, अलिफ़ की मस्जिद के सामने,
तीन दरवाज़ा, अह़मदआबाद-1, गुजरात
MO. 9374031409 E-mail : translationmaktabhind@dawateislami.net

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ
اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ؕ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ؕ

करामाते फ़ारूक़े आ'ज़म[1] رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ

शैत़ान लाख सुस्ती दिलाए येह रिसाला (48 सफ़ह़ात) मुकम्मल पढ़ लीजिये اِنْ شَآءَاللّٰه عَزَّوَجَلَّ आप अपने दिल में ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ से जज़्बए अ़क़ीदत व मह़ब्बत को फ़ुज़ूं तर होता मह़सूस फ़रमाएंगे ।

दुरूदे पाक की फ़ज़ीलत

वज़ीरे रिसालत मआब, आस्माने सह़ाबिय्यत के दरख़्शां माहताब, निज़ामे अ़द्ल के आफ़्ताबे आ़लम-ताब, **अमीरुल मुअमिनीन**, ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर बिन ख़त्ताब رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ फ़रमाते हैं :

اِنَّ الدُّعَاءَ مَوْقُوْفٌ بَيْنَ السَّمَاءِ وَالْاَرْضِ لَا يَصْعَدُ مِنْهُ شَيْءٌ حَتّٰى تُصَلِّيَ عَلٰى نَبِيِّكَ (صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم) या'नी बेशक दुआ़ ज़मीन व आस्मान के दरमियान ठहरी रहती है और उस से कोई चीज़ ऊपर की त़रफ़ नहीं जाती जब तक तुम अपने नबिय्ये अकरम صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم पर दुरूदे पाक न पढ़ लो ।

(ترمذی ج۲ ص۲۸ حدیث٤٨٦)

مدینہ

1 : येह बयान **अमीरे अहले सुन्नत** ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल मुह़म्मद इल्यास अत्तार क़ादिरी र-ज़वी دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه ने तब्लीग़े क़ुरआनो सुन्नत की आ़लमगीर ग़ैर सियासी तह़रीक **दा'वते इस्लामी** के आ़लमी म-दनी मर्कज़ फ़ैज़ाने मदीना बाबुल मदीना कराची में हफ़्तावार सुन्नतों भरे इज्तिमाअ़ (17-12-09/29 **ज़ुल हिज्जतिल ह़राम** 1430 सि.हि.) में फ़रमाया । ज़रूरी तरमीम के साथ तह़रीरन ह़ाज़िरे ख़िदमत है ।

-मजलिसे मक-त-बतुल मदीना

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّی اللہ تعالٰی علیہ و الہٖ وسلَّم : जिस ने मुझ पर एक बार दुरूदे पाक पढ़ा **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ उस पर दस रहमतें भेजता है । (مسلم)

हज़रते अल्लामा किफ़ायत अली काफ़ी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الشَّافِى फ़रमाते हैं :

दुआ के साथ न होवे अगर दुरूद शरीफ़ न होवे हश्र तलक भी बर आ-वरे[1] हाजात

क़बूलिय्यत है दुआ को दुरूद के बाइस येह है दुरूद कि साबित करामतो ब-रकात

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

सदाए फ़ारूक़ी और मुसल्मानों की फ़त्ह याबी

दा'वते इस्लामी के इशाअ़ती इदारे **मक-त-बतुल मदीना** की मत़्बूआ़ 346 सफ़्ह़ात पर मुश्तमिल किताब "**करामाते सह़ाबा**" सफ़्ह़ा 74 पर शैखुल ह़दीस ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना अ़ब्दुल मुस्त़फ़ा आ'ज़मी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللهِ الْقَوِى तह़रीर फ़रमाते हैं जिस का खुलासा कुछ यूं है : **अमीरुल मुअमिनीन**, ह़ामिये दीने मतीन, मुह़िब्बुल मुस्लिमीन, ग़ैज़ुल मुनाफ़िक़ीन, इमामुल आ़दिलीन, ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ ने ह़ज़रते सय्यिदुना सारिया رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ को एक लश्कर का सिपह सालार (कमान्डर) बना कर सर ज़मीने "**नहावन्द**" में जिहाद के लिये रवाना फ़रमाया । सिपह सालारे लश्करे इस्लामिया ह़ज़रते सय्यिदुना सारिया رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ कुफ़्फ़ारे ना हन्जार से **बर सरे पैकार** थे कि वज़ीरे रसूले अन्वर ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ ने मस्जिदे न-बविय्यिशशरीफ़ عَلٰى صَاحِبِهَا الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام के मिम्बरे अत़्हर पर खुत़्बा पढ़ते हुए अचानक इर्शाद फ़रमाया : "**يَا سَارِيَةُ الْجَبَل** या'नी ऐ सारिया ! पहाड़ की त़रफ़ पीठ कर लो ।" ह़ाज़िरीने मस्जिद ह़ैरान रह गए कि लश्करे इस्लाम के सिपह सालार ह़ज़रते सारिया رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ तो **मदीनए मुनव्वरह**

1 : बर आवर का मा'ना है : पूरा होना ।

زَادَهَا اللّٰهُ شَرَفًاوَّتَعْظِيْمًا से सेंकड़ों मील दूर सर ज़मीने **''नहावन्द''** में मसरूफ़े जिहाद हैं, आज **अमीरुल मुअमिनीन** رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ ने उन्हें क्यूंकर और कैसे पुकारा ? इस उलझन की तशफ़्फ़ी तब हुई जब वहां से फ़ातेहे **नहावन्द** हज़रते सय्यिदुना सारिया رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ का क़ासिद (या'नी नुमायन्दा) आया और उस ने ख़बर दी कि मैदाने जंग में कुफ़्फ़ारे जफ़ाकार से मुक़ाबले के दौरान जब हमें शिकस्त के आसार नज़र आने लगे, इतने में आवाज़ आई : **''يَا سَارِيَةُ الْجَبَل** या'नी ऐ सारिया ! पहाड़ की त़रफ़ पीठ कर लो ।'' हज़रते सय्यिदुना सारिया رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ ने फ़रमाया : येह तो **अमीरुल मुअमिनीन**, ख़ली-फ़तुल मुस्लिमीन हज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ की आवाज़ है और फिर फ़ौरन ही अपने लश्कर को पहाड़ की त़रफ़ पुश्त (या'नी पीठ) कर के सफ़ बन्दी का हुक्म दे दिया, इस के बा'द हम ने कुफ़्फ़ारे बद अत्वार पर ज़ोरदार यलग़ार कर दी तो एक दम जंग का पांसा पलट गया और थोड़ी ही देर में इस्लामी लश्कर ने कुफ़्फ़ारे बिकार की फ़ौजों को रौंद डाला और अ़साकिरे इस्लामिया (या'नी इस्लामी फ़ौजों) के क़ाहिराना हम्लों की ताब न ला कर लश्करे अशरार मैदाने कारज़ार से राहे फ़िरार इख़्तियार कर गया और **अफ़्वाजे इस्लाम ने फ़त्हे मुबीन का परचम लहरा दिया ।**[1]

मुराद आई मुरादें मिलने की प्यारी घड़ी आई
मिला ह़ाजत रवा हम को दरे सुल्त़ाने आ़लम सा

(ज़ौक़े ना'त)

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

مدینہ

[1] دَلَائِلُ النُّبُوَّةِ لِلْبَيْهَقِی ج٦ ص ٣٧٠، تاريخ دمشق لابن عساكر ج٤٤ ص٣٣٦، تَارِيخُ الْخُلَفَاء ص٩٩، مِشْكَاةُ الْمَصَابِيح ج٤ ص٤٠١ حديث٥٩٥٤، حجة الله على العالمين ص ٦١٢

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم : जो मुझ पर दस मरतबा दुरूदे पाक पढ़े **अल्लाह** عَزَّ وَجَلَّ उस पर सो रहमतें नाज़िल फ़रमाता है। (طبرانی)

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! अमीरुल मुअमिनीन, फ़ातेहे आ'ज़म हज़रते सय्यिदुना फ़ारूके आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ की इस आलीशान करामत से इल्मो हिक्मत के कई **म-दनी फूल** चुनने को मिलते हैं : ﴾1﴿ **अमीरुल मुअमिनीन**, मुहिब्बुल मुस्लिमीन, नासिरे दीने मुबीन हज़रते सय्यिदुना उमर फ़ारूके आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने **मदीनए तय्यिबा** زَادَھَا اللّٰہُ شَرَفًاوَّتَعْظِیْمًا से सेंकड़ों मील की दूरी पर **''नहावन्द''** के मैदाने जंग और उस के अहवाल व कैफ़िय्यात को देख लिया और फिर असाकिरे इस्लामिया की **मुश्किलात का हल भी फ़ौरन लश्कर के सिपह सालार को बता दिया ।** इस से मा'लूम हुवा कि **अहलुल्लाह** की कुव्वते समाअत व बसारत (या'नी सुनने और देखने की ताक़त) को आम लोगों की कुव्वते समाअत व बसारत पर हरगिज़ हरगिज़ क़ियास नहीं करना चाहिये बल्कि येह ए'तिक़ाद रखना चाहिये कि **अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त** عَزَّ وَجَلَّ ने अपने **महबूब बन्दों के कानों और आंखों में आम इन्सानों से बहुत ही ज़ियादा ताक़त रखी है** और उन की आंखों, कानों और दूसरे आ'ज़ा की ताक़त इस क़दर बे मिस्लो बे मिसाल है और उन से ऐसे ऐसे कारहाए नुमायां अन्जाम पाते हैं कि जिन को देख कर **करामत** के सिवा कुछ भी नहीं कहा जा सकता ﴾2﴿ वज़ीरे शहन्शाहे नुबुव्वत, रुक्ने क़स्रे मिल्लत हज़रते सय्यिदुना फ़ारूके आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ की आवाज़ सेंकड़ों मील दूर नहावन्द के मक़ाम पर पहुंची और वहां सब अहले लश्कर ने उस को सुना ﴾3﴿ जा नशीने रसूले मक़्बूल, गुलशने सहाबिय्यत के महकते फूल, **अमीरुल मुअमिनीन**, हज़रते सय्यिदुना उमर बिन

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالَى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم **:** जिस के पास मेरा ज़िक्र हुवा और उस ने मुझ पर दुरूदे पाक न पढ़ा तह़क़ीक़ वोह बद बख़्त हो गया। (ابن سنی)

ख़त्ताब رَضِىَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُ की ब-र-कत से **अल्लाह रब्बुल इ़ज़्ज़त** عَزَّ وَجَلَّ ने इस जंग में मुसल्मानों को फ़त्ह़ो नुसरत इनायत फ़रमाई। (करामाते सह़ाबा, स. 74 ता 76, مِرْقَاةُ الْمَفَاتِيح ج١٠ ص٢٩٦ تحت الحديث ٥٩٥٤ مُلَخَّصاً) **अल्लाह** عَزَّ وَجَلَّ **की उन पर रह़मत हो और उन के सदक़े हमारी बे ह़िसाब मग़्फ़िरत हो।** اٰمِين بِجَاهِ النَّبِيِّ الْاَمِين صَلَّى اللهُ تعالىٰ عليه واٰلهٖ وسلّم

किस ने ज़र्रों को उठाया और सह़रा कर दिया — किस ने क़त़रों को मिलाया और दरिया कर दिया

किस की ह़िक्मत ने यतीमों को किया दुर्रे यतीम — और ग़ुलामों को ज़माने भर का मौला कर दिया

शौकते मग़रूर का किस शख़्स ने तोड़ा त़िलिस्म(1) — मुन्हदिम(2) किस ने इलाही ! क़स्रे किसरा (3) कर दिया

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

सय्यिदुना उ़मर फ़ारूके़ आ'ज़म का तआ़रुफ़

ख़लीफ़ए दुवुम, जा नशीने पैग़म्बर, वज़ीरे नबिय्ये अत़्हर, ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर رَضِىَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُ की कुन्यत "अबू ह़फ़्स" और लक़ब "फ़ारूके़ आ'ज़म" है। एक रिवायत में है आप رَضِىَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُ 39 मर्दों के बा'द **ख़ा-तमुल मुर-सलीन, रह़मतुल्लिल आ़-लमीन** صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की दुआ़ से ए'लाने नुबुव्वत के छटे साल में ईमान लाए। आप رَضِىَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُ के इस्लाम क़बूल करने से मुसल्मानों को बेह़द ख़ुशी हुई और उन को बहुत बड़ा सहारा मिल गया यहां तक कि हु़ज़ूर रह़मते आ़लम صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने मुसल्मानों के साथ मिल कर **ह़-रमे मोह़तरम में ए'लानिया नमाज़ अदा फ़रमाई।** आप رَضِىَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُ इस्लामी जंगों में मुजाहिदाना शान के साथ कुफ़्फ़ारे ना हन्जार से बर सरे

(1) जादू (2) गिराना (3) बादशाहे ईरान का मह़ल।

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم : जिस ने मुझ पर सुब्ह व शाम दस दस बार दुरूदे पाक पढ़ा उसे क़ियामत के दिन मेरी शफ़ाअ़त मिलेगी । (مجمع الزوائد)

पैकार रहे और सरवरे काएनात, शहन्शाहे मौजूदात صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की तमाम इस्लामी तह़रीकात और सुल्ह़ व जंग वग़ैरा की तमाम मन्सूबा बन्दियों में वज़ीर व मुशीर की ह़ैसिय्यत से **वफ़ादार व रफ़ीक़े कार रहे ।** **मोह़सिने उम्मत**, ख़लीफ़ए अव्वल, **अमीरुल मुअमिनीन**, ह़ज़रते सय्यिदुना अबू बक्र सिद्दीक़ رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने अपने बा'द ह़ज़रते सय्यिदुना फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ को ख़लीफ़ा मुन्तख़ब फ़रमाया, आप رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने तख़्ते ख़िलाफ़त पर रौनक़ अफ़रोज़ रह कर जा नशीनिये मुस्तफ़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की **तमाम तर ज़िम्मे दारियों को ब तरीक़े अह़्सन सर अन्जाम दिया ।**

नमाज़े **फ़ज्र** में एक बद बख़्त अबू लुअ-लुअ फ़ीरोज़ नामी (मजूसी या'नी आग पूजने वाले) काफ़िर ने आप رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ पर ख़न्जर से वार किया और आप رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ज़ख़्मों की ताब न लाते हुए तीसरे दिन श-रफ़े शहादत से मुशर्रफ़ हो गए । ब वक़्ते शहादत उ़म्र शरीफ़ **63** बरस थी । ह़ज़रते सय्यिदुना **सुहैब** رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने नमाज़े जनाज़ा पढ़ाई और गौहरे नायाब, फ़ैज़ाने नुबुव्वत से फ़ैज़याब, ख़लीफ़ए रिसालत मआब ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर बिन ख़त्ताब رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ रौज़ए मुबा-रका के अन्दर यकुम **मुह़र्रमुल ह़राम** 24 हिजरी इतवार के दिन ह़ज़रते सय्यिदुना सिद्दीक़े अक्बर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के पहलूए अन्वर में मदफ़ून हुए जो कि सरकारे अनाम صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के पहलूए पाक में आराम फ़रमा हैं । **(الرّیاض النضرة فی مناقِب العَشرة ج ۱ ص ۲۸۵، ۴۰۸، ۴۱۸، تارِیخُ الْخُلَفاء ص۱۰۸ وغیرہ)**

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ **की उन पर रह़मत हो और उन के सदक़े हमारी बे ह़िसाब मग़्फ़िरत हो ।** اٰمین بِجاہِ النَّبِیِّ الْاَمین صَلَّی اللہ تعالٰی علیہ واٰلہٖ وسلّم

कुर्बे ख़ास

ह़ज़रते सय्यिदुना सिद्दीक़े अक्बर और ह़ज़रते सय्यिदुना फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُمَا को **दुन्यवी ह़यात में भी और बा'दे ममात भी** सरवरे काएनात, शहन्शाहे मौजूदात صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم का **कुर्बे ख़ास** अ़त़ा किया गया चुनान्चे आ़शिक़े मुस्त़फ़ा, फ़िदाए जुम्ला सह़ाबा, मुह़िब्बे औलिया व अस्फ़िया शाह इमाम अह़मद रज़ा ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الرَّحْمٰن फ़रमाते हैं :

मह़बूबे रब्बे अ़र्श है इस सब्ज़ कुब्बे में पहलू में जल्वा गाह अ़तीक़ो उ़मर की है
सा'दैन का क़िरान है पहलूए माह में झुरमट किये हैं तारे तजल्ली क़मर की है(1)

किसी और मह़ब्बत वाले ने कहा है :

ह़याती में तो थे ही ख़िदमते मह़बूबे ख़ालिक़ में
मज़ार अब है क़रीबे मुस्त़फ़ा फ़ारूक़े आ'ज़म का

صَلُّوْا عَلَى الْحَبِيْب ! صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

साह़िबे करामात

बारगाहे नुबुव्वत से फ़ैज़याब, आस्माने रिफ़अ़त के दरख़्शां माहताब ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर बिन ख़त्ताब رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ आ़शिक़े अक्बर ह़ज़रते सय्यिदुना सिद्दीक़े अक्बर رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ के बा'द तमाम सह़ाबए

(1) सा'दैन दो सईद सय्यारों के नाम हैं। यहां सा'दैन से मुराद ह़ज़रते सय्यिदुना सिद्दीक़े अक्बर और ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُمَا और माह व क़मर या'नी चांद रसूले ज़ीशान صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم और **तारे 70** ह़ज़ार मलाएका हैं जो मज़ारे पुर अन्वार पर छाए हुए हैं।

किराम عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان से अफ़्ज़ल हैं। आप رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ **साहिबुल करामात** और **जामिउ़ल फ़ज़ाइल वल कमालात** हैं। रब्बे काएनात عَزَّوَجَلَّ ने आप رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ को दीगर ख़ुसूसिय्यात के साथ साथ बहुत सी करामात का ताजे फ़ज़ीलत दे कर दूसरों से मुमताज़ फ़रमा दिया।

करामत ह़क़ है

ज़मानए नुबुव्वत से आज तक कभी भी इस मस्अले में अहले ह़क़ के दरमियान इख़्तिलाफ़ नहीं हुवा सभी का मुत्तफ़िक़ा अ़क़ीदा है कि सह़ाबए किराम عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان और औलियाए उ़ज़ाम رَحِمَهُمُ اللّٰهُ السَّلَام की करामतें ह़क़ हैं और हर ज़माने में **अल्लाह** वालों की करामात का सुदूर व ज़ुहूर होता रहा और اِنْ شَآءَاللّٰه عَزَّوَجَلَّ क़ियामत तक कभी भी इस का सिल्सिला मुन्क़तेअ़ (या'नी ख़त्म) नहीं होगा, बल्कि हमेशा **औलियाउल्लाह** رَحِمَهُمُ اللّٰه से करामात सादिर व ज़ाहिर होती रहेंगी।

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

करामत की ता'रीफ़

अब اِنْ شَآءَاللّٰه عَزَّوَجَلَّ मम्बए इ़ल्मो हुनर ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ की मज़ीद चन्द करामात बयान की जाएंगी मगर पहले "**करामत**" की ता'रीफ़ सुन लीजिये। चुनान्चे **दा'वते इस्लामी** के इशाअ़ती इदारे **मक-त-बतुल मदीना** की मत़्बूआ़ 1250 सफ़ह़ात पर मुश्तमिल किताब "**बहारे शरीअ़त**" जिल्द अव्वल सफ़ह़ा 58 पर **सदरुश्शरीअ़ह, बदरुत्तरीक़ह**, ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना मुफ़्ती मुह़म्मद

अमजद अ़ली आ'ज़मी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْقَوِی "करामत" की ता'रीफ़ कुछ इस त़रह़ बयान फ़रमाते हैं : **"वली से जो बात ख़िलाफ़े आ़दत सादिर हो उस को "करामत" कहते हैं।"** (बहारे शरीअ़त)

अफ़्ज़लुल औलिया

उ़-लमा व अकाबिरीने इस्लाम رَحِمَهُمُ اللّٰهُ السَّلَام का इस पर इत्तिफ़ाक़ है कि तमाम सह़ाबए किराम رِضْوَانُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْهِمْ اَجْمَعِيْن **"अफ़्ज़लुल औलिया"** हैं, क़ियामत तक के तमाम **औलियाउल्लाह** رَحِمَهُمُ اللّٰه अगर्चे द-र-जए विलायत की बुलन्द तरीन मन्ज़िल पर फ़ाइज़ हो जाएं मगर हरगिज़ हरगिज़ वोह किसी सह़ाबी رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُ के कमालाते विलायत तक नहीं पहुंच सकते। **अल्लाह रब्बुल इ़ज़्ज़त** عَزَّوَجَلَّ ने मुस्त़फ़ा जाने रह़मत, शम्ए़ बज़्मे रिसालत, नोशए बज़्मे जन्नत صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم के ग़ुलामों को विलायत का वोह बुलन्दो बाला मक़ाम इ़नायत फ़रमाया और इन मुक़द्दस हस्तियों رِضْوَانُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْهِمْ اَجْمَعِيْن को ऐसी ऐसी अ़ज़ीमुश्शान करामतों या'नी बुज़ुर्गियों से सरफ़राज़ किया कि दूसरे तमाम औलियाए किराम رَحِمَهُمُ اللّٰهُ السَّلَام के लिये इस मे'राजे कमाल का तसव्वुर भी नहीं किया जा सकता। इस में शक नहीं कि ह़ज़राते सह़ाबए किराम رِضْوَانُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْهِمْ اَجْمَعِيْن से इस क़दर ज़ियादा करामतों का तज़्किरा नहीं मिलता जिस क़दर कि दूसरे औलियाए किराम رَحِمَهُمُ اللّٰهُ السَّلَام से करामतें मन्क़ूल हैं। येह वाज़ेह़ रहे कि कस्रते करामत, अफ़्ज़लिय्यते विलायत की दलील नहीं क्यूं कि **विलायत दर ह़क़ीक़त क़ुर्बे बारगाहे अ-ह़दिय्यत** عَزَّوَجَلَّ **का नाम है** और येह क़ुर्बे इलाही عَزَّوَجَلَّ जिस को जिस क़दर

ज़ियादा ह़ासिल होगा उसी क़दर उस का द-र-जए विलायत बुलन्द से बुलन्द तर होगा। सह़ाबए किराम رِضْوَانُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْهِمْ اَجْمَعِيْن चूंकि निगाहे नुबुव्वत के अन्वार और फ़ैज़ाने रिसालत के फ़ुयूज़ो ब-रकात से मुस्तफ़ीज़ हुए, इस लिये बारगाहे रब्बे लम यज़ल عَزَّوَجَلَّ में इन बुज़ुर्गों को जो **क़ुर्ब** व **तक़र्रुब** ह़ासिल है वोह दूसरे **औलियाउल्लाह** رَحِمَهُمُ اللّٰه को ह़ासिल नहीं। इस लिये अगर्चे सह़ाबए किराम رِضْوَانُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْهِمْ اَجْمَعِيْن से बहुत कम करामतें मन्क़ूल हुईं लेकिन फिर भी उन का द-र-जए विलायत दीगर औलियाए किराम رَحِمَهُمُ اللّٰهُ السَّلَام से ह़द द-रजा अफ़्ज़लो आ'ला और बुलन्दो बाला है।

सरकारे दो आ़लम से मुलाक़ात का आ़लम — आ़लम में है मे'राजे कमालात का आ़लम
येह राज़ी ख़ुदा से हैं ख़ुदा इन से है राज़ी — क्या कहिये सह़ाबा की करामात का आ़लम

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

दरियाए नील के नाम ख़त़

दा'वते इस्लामी के इशाअ़ती इदारे **मक-त-बतुल मदीना** की मत़्बूआ़ **192** सफ़ह़ात पर मुश्तमिल किताब **''सवानेह़े करबला''** सफ़ह़ा **56** ता **57** पर **सदरुल** अफ़ाज़िल ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना सय्यिद मुह़म्मद नईमुद्दीन मुरादआबादी عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْهَادِى तह़रीर फ़रमाते हैं : जिस का ख़ुलासा कुछ यूं है : जब मिस्र फ़त्ह़ हुवा तो एक रोज़ **अहले मिस्र** ने ह़ज़रते सय्यिदुना अ़म्र बिन आ़स رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهُ से अ़र्ज़ की : ऐ अमीर ! हमारे **दरियाए नील** की एक रस्म है जब तक उस को अदा न किया जाए दरिया जारी नहीं रहता। उन्हों ने इस्तिफ़्सार फ़रमाया : क्या ?

कहा : हम एक कंवारी लड़की को उस के वालिदैन से ले कर उ़म्दा लिबास और नफ़ीस ज़ेवर से सजा कर **दरियाए नील** में डालते हैं। ह़ज़रते सय्यिदुना अ़म्र बिन आ़स رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ ने फ़रमाया : **इस्लाम** में हरगिज़ ऐसा नहीं हो सकता और इस्लाम पुरानी वाहियात रस्मों को मिटाता है। पस वोह रस्म मौक़ूफ़ रखी (या'नी रोक दी) गई और दरिया की रवानी कम होती गई यहां तक कि लोगों ने वहां से चले जाने का क़स्द (या'नी इरादा) किया, येह देख कर ह़ज़रते सय्यिदुना अ़म्र बिन आ़स رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ ने **अमीरुल मुअमिनीन** ख़लीफ़ए सानी ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर बिन ख़त्ताब رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ की ख़िदमत में तमाम वाक़िआ़ लिख भेजा, आप رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ ने जवाब में तह़रीर फ़रमाया : तुम ने ठीक किया बेशक **इस्लाम** ऐसी रस्मों को मिटाता है। मेरे इस ख़त़ में एक रुक़्आ़ है इस को **दरियाए नील** में डाल देना। ह़ज़रते सय्यिदुना अ़म्र बिन आ़स رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ के पास जब **अमीरुल मुअमिनीन** رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ का ख़त़ पहुंचा और उन्हों ने वोह रुक़्आ़ उस ख़त़ में से निकाला तो उस में लिखा था : ''(ऐ दरियाए नील !) अगर तू ख़ुद जारी है तो न जारी हो और **अल्लाह तआ़ला** ने जारी फ़रमाया तो मैं **वाह़िदो क़ह्हार** عَزَّوَجَلَّ से अ़र्ज़ गुज़ार हूं कि तुझे जारी फ़रमा दे।'' ह़ज़रते सय्यिदुना अ़म्र बिन आ़स رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ ने येह रुक़्आ़ **दरियाए नील** में डाला एक रात में सोलह[16] गज़ पानी बढ़ गया और येह रस्म मिस्र से बिल्कुल मौक़ूफ़ (या'नी ख़त्म) हो गई। **(العظمة لابی الشیخ الاصبهانی ص۳۱۸ رقم ۹٤۰)**

चाहें तो इशारों से अपने, काया ही पलट दें दुन्या की
येह शान है ख़िदमत गारों की, सरदार का आ़लम क्या होगा

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! इस रिवायत से मा'लूम हुवा कि **अमीरुल मुअमिनीन** ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ की हुक्मरानी का परचम दरियाओं के पानियों पर भी लहरा रहा था और दरियाओं की रवानी भी आप رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ की ना फ़रमानी नहीं करती थी । निगाहे नुबुव्वत से फ़ैज़ो ब-र-कत याफ़्ता, बारगाहे रिसालत से ता'लीमो तरबिय्यत याफ़्ता ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर बिन ख़त्ताब رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ के हुस्ने ईमान की ब-रकात थीं, रब्बे काएनात عَزَّوَجَلَّ ने **अहले मिस्र** को इस बुरी रस्म से नजात अ़ता फ़रमाई ।

हम ने तक़्सीर की आ़दत कर ली आप अपने पे क़ियामत कर ली
मैं चला ही था मुझे रोक लिया मेरे अल्लाह ने रह़मत कर ली

(ज़ौक़े ना'त)

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

ना जाइज़ रस्मो रवाज और मुसल्मानों की ह़ालते ज़ार

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! जिस त़रह़ अहले मिस्र में दरियाए नील को जारी रखने के लिये रस्मे बद जारी थी इसी त़रह़ दौरे ह़ाज़िर में भी बा'ज़ क़बीह़ और ना जाइज़ रुसूमात ज़ोर पकड़ती जा रही हैं और येह ख़िलाफ़े शर-अ़ रुसूमात मुसल्मानों को पस्ती व बरबादी के अ़मीक़ गढ़े की त़रफ़ धकेलती और सुन्नते **रसूलुल्लाह** से दूर करती चली जा रही हैं । **दा'वते इस्लामी** के इशाअ़ती इदारे **मक-त-बतुल मदीना** की मत़्बूआ़ 170 सफ़ह़ात पर मुश्तमिल एक ज़बर दस्त किताब **''इस्लामी ज़िन्दगी''** सफ़ह़ा 12 ता 16 पर **मुफ़स्सिरे** शहीर **ह़कीमुल उम्मत** ह़ज़रते मुफ़्ती अह़मद यार ख़ान عَلَيْهِ رَحْمَةُ الْحَنَّان ने बुरी रुसूमात और मुसल्मानों

के बिगड़े हुए ह़ालात की जो कुछ कैफ़िय्यात बयान फ़रमाई हैं उन का ख़ुलासा कुछ यूं है **:** आज कौन सा दर्द रखने वाला दिल है जो मुसल्मानों की मौजूदा पस्ती और इन की मौजूदा ज़िल्लतो ख़्वारी और नादारी पर न दुखता हो और कौन सी आंख है जो इन की ग़ुरबत, मुफ़्लिसी, बे रोज़गारी पर आंसू न बहाती हो ! ह़ुकूमत इन से छिनी, दौलत से येह महरूम हुए, इ़ज़्ज़तो वक़ार इन का ख़त्म हो चुका, ज़माने भर की मुसीबत का शिकार मुसल्मान बन रहे हैं, इन ह़ालात को देख कर कलेजा मुंह को आता है, मगर दोस्तो ! फ़क़त़ रोने धोने से काम नहीं चलता बल्कि ज़रूरी येह है कि इस के इ़लाज पर ग़ौर किया जाए। इ़लाज के लिये चन्द चीज़ें सोचनी चाहिएं (1) अस्ल बीमारी क्या है ? (2) इस की वजह क्या है ? मरज़ क्यूं पैदा हुवा ? (3) इस का इ़लाज क्या है ? (4) इस इ़लाज में परहेज़ क्या क्या है ? अगर इन चार[4] बातों में ग़ौर कर लो तो समझ लो कि इ़लाज आसान है। **कई** लीडराने क़ौम और पेशवायाने मुल्क ने अक़्वामे मुस्लिम के इ़लाज का बीड़ा उठाया मगर नाकामी ही मिली और **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के जिस किसी नेक बन्दे ने मुसल्मानों को उन का **सह़ीह़ इ़लाज बताया** तो बा'ज़ नादान मुसल्मानों ने उस का मज़ाक़ उड़ाया, उस पर फब्तियां कसीं, ज़बाने त़ा'न दराज़ की, ग़-रज़े कि सह़ीह़ त़बीबों की आवाज़ पर कान न धरा।

मुसल्मानों की बादशाहत गई, इ़ज़्ज़त गई, दौलत गई, वक़ार गया, सिर्फ़ एक वजह से वोह येह कि हम ने शरीअ़ते मुस्त़फ़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की पैरवी छोड़ दी, **हमारी ज़िन्दगी इस्लामी ज़िन्दगी न रही।** इन तमाम नुहूसतों की वजह येह है कि हमें **अल्लाह**

عَزَّوَجَلَّ का ख़ौफ़, नबिय्ये करीम صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की शर्म और आख़िरत का डर न रहा। आ'ला ह़ज़रत, मुजद्दिदे दीनो मिल्लत رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه फ़रमाते हैं :

दिन लह्व[1] में खोना तुझे शब सुब्ह़ तक सोना तुझे
शर्मे नबी, ख़ौफ़े ख़ुदा, येह भी नहीं वोह भी नहीं

(ह़दाइक़े बख़्शिश)

मस्जिदें हमारी वीरान, मुसल्मानों से **सिनेमा** व तमाशे आबाद, हर क़िस्म के उ़यूब मुसल्मानों में मौजूद, ना जाइज़ रस्में हम में क़ाइम हैं, हम किस त़रह़ इ़ज़्ज़त पा सकते हैं ! जैसे किसी ने कहा है :

वाए नाकामी ! मताए़ कारवां जाता रहा
कारवां के दिल से एह़सासे ज़ियां जाता रहा

3 बीमारियां

मुसल्मानों की अस्ल बीमारी तो अह़कामे ख़ुदा व सुन्नते मुस्त़फ़ा को छोड़ना है, अब इस मरज़ की वजह से और बहुत सी बीमारियां पैदा हो गईं। मुसल्मानों की बड़ी बड़ी **तीन3 बीमारियां** हैं : **अव्वल** रोज़ाना नए नए मज़्हबों की पैदावार और हर आवाज़ पर मुसल्मानों का आंखें बन्द कर के चल पड़ना। **दूसरे** मुसल्मानों की आपस की ना चाक़ियां, अ़दावतें और मुक़द्दमा बाज़ियां। **तीसरे** जाहिल लोगों की घड़ी हुई **ख़िलाफ़े शर-अ़ या फ़ुज़ूल रस्में,** इन तीन क़िस्म की बीमारियों ने मुसल्मानों को तबाह कर डाला, बरबाद कर दिया, घर से बे घर बना दिया, मक़्रूज़ कर दिया ग़-रज़े कि ज़िल्लत के गढ़े में धकेल दिया।

1: खेलकूद

मज़्कूरा बीमारियों का इलाज

पहली बीमारी का इलाज येह है कि हर बद मज़हब की सोह़बत से बचो, उस **आ़लिमे ह़क़ और सुन्निय्युल मज़हब शख़्स के पास बैठो** जिस की सोह़बते फ़ैज़ असर से सरकारे मदीना, क़रारे क़ल्बो सीना, फ़ैज़ गन्जीना صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم का इ़श्क़ और इत्तिबाए़ शरीअ़त का जज़्बा पैदा हो ।

दूसरी बीमारी का इलाज येह है कि अक्सर फ़ितना व फ़साद की जड़ दो चीज़ें हैं : एक **ग़ुस्सा** और अपनी बड़ाई और दूसरे हुक़ूक़े शरइ़य्या से **ग़फ़्लत** । हर शख़्स चाहता है कि मैं सब से ऊंचा रहूं और सब मेरे हुक़ूक़ अदा करें मगर मैं किसी का ह़क़ अदा न करूं अगर हमारी त़बीअ़त में से ग़ुरूर व **तकब्बुर** निकल जाए, आ़जिज़ी और तवाज़ोअ़ पैदा हो जाए, हम में से हर शख़्स दूसरे के हुक़ूक़ का ख़याल रखे तो اِنْ شَآءَاللّٰه عَزَّوَجَلَّ **कभी झगड़े की नौबत ही न आए ।**

तीसरी बीमारी येह है कि हमारे अक्सर मुसल्मानों में बच्चे की पैदाइश से ले कर मरने तक मुख़्तलिफ़ मौक़ओं़ पर ऐसी तबाह कुन रस्में जारी हैं जिन्हों ने **मुसल्मानों की जड़ें खोखली कर दी हैं ।** शादी बियाह की रस्मों की बदौलत हज़ारों मुसल्मानों की जाएदादें, मकानात, दुकानें सूदी क़र्ज़ें में चली गईं और बहुत से आ'ला ख़ानदानों के लोग आज किराए के मकानों में गुज़र कर रहे हैं और ठोकरें खाते फिरते हैं । अपनी क़ौम की इस मुसीबत को देख कर मेरा दिल भर आया, त़बीअ़त में जोश पैदा हुवा कि कुछ ख़िदमत करूं । रोशनाई के चन्द क़त़रे ह़क़ीक़त में मेरे आंसूओं के क़त़रे हैं, ख़ुदा करे कि इस से क़ौम की इस्लाह़ हो जाए, मैं ने येह महसूस किया कि बहुत से लोग इन शादी बियाह और दीगर फ़ुज़ूल

रस्मों से बेज़ार तो हैं मगर बरादरी के ता'नों और अपनी नाक कटने के ख़ौफ़ से जिस त़रह़ हो सकता है क़र्ज़ ले कर इन जाहिलाना रस्मों को पूरा करते हैं। कोई तो ऐसा मर्दे मुजाहिद हो जो बिला ख़ौफ़ो ख़त़र हर एक के ता'ने बरदाश्त कर के तमाम ना जाइज़ व ह़राम रस्मों पर लात मार दे और सुन्नते सरवरे काएनात صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم को ज़िन्दा कर के दिखा दे कि जो शख़्स **सुन्नत** को ज़िन्दा करे उस को **100 शहीदों का सवाब** मिलता है। क्यूं कि शहीद तो एक दफ़्आ़ तलवार का ज़ख़्म खा कर दुन्या से पर्दा कर जाता है मगर येह **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ का नेक बन्दा उ़म्र भर लोगों की ज़बानों के ज़ख़्म खाता रहता है। वाज़ेह़ रहे कि मुरव्वजा रस्में दो क़िस्म की हैं **: एक** तो वोह जो शरअ़न ना जाइज़ हैं। **दूसरी** वोह जो तबाह कुन हैं और बहुत दफ़्आ़ उन के पूरा करने के लिये मुसल्मान सूदी क़र्ज़ की नुहूसत में भी मुब्तला हो जाता है। ह़ालां कि सूद का लैन दैन गुनाहे कबीरा है और यूं येह **रुसूमात बहुत सारी आफ़ात में फंसा देती हैं,** इन से दूरी ही में आ़फ़िय्यत है। (इस्लामी ज़िन्दगी, स. 12 ता 16 ब तसर्रुफ़)

(ग़लत़ व क़बीह़ रुसूमात के नुक़्सानात जानने और इन के इ़लाज की तफ़्सीली मा'लूमात ह़ासिल करने के लिये "मक-त-बतुल मदीना" की किताब "इस्लामी ज़िन्दगी" हदिय्यतन ह़ासिल कर के मुत़ा-लआ़ फ़रमाइये)

शादियों में मत गुनाह नादान कर   ख़ाना बरबादी का मत सामान कर
छोड़ दे सारे ग़लत़ रस्मो रवाज   सुन्नतों पर चलने का कर अ़ह्द आज
ख़ूब कर ज़िक्रे ख़ुदा व मुस्त़फ़ा   दिल मदीना उन की यादों से बना

(वसाइले बख़्शिश, स. 670)

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : जिस ने किताब में मुझ पर दुरूदे पाक लिखा तो जब तक मेरा नाम उस में रहेगा फ़िरिश्ते उस के लिये इस्तिग़्फ़ार (या'नी बख़्शिश की दुआ) करते रहेंगे। (طبرانی)

क़ब्र वाले से गुफ़्त-गू

मुद्दआए रसूल, रफ़ीक़े रसूल, मुशीरे रसूल, जां निसारे रसूल, **अमीरुल मुअमिनीन** ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ एक बार एक सालेह़ (या'नी नेक परहेज़ गार) नौ जवान की **क़ब्र** पर तशरीफ़ ले गए और फ़रमाया : ऐ फ़ुलां ! **अल्लाह** عَزَّ وَجَلَّ ने वा'दा फ़रमाया है :

وَلِمَنْ خَافَ مَقَامَ رَبِّهٖ جَنَّتٰنِ ﴿۴۶﴾ (پ۲۷، الرحمٰن:۴۶)

तर-ज-मए कन्ज़ुल ईमान : और जो अपने रब के हु़ज़ूर खड़े होने से डरे उस के लिये **दो जन्नतें** हैं।

ऐ नौ जवान ! बता ! तेरा **क़ब्र** में क्या ह़ाल है ? उस सालेह़ (या'नी बा अ़मल) नौ जवान ने **क़ब्र** के अन्दर से आप رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ का नाम ले कर पुकारा और ब आवाज़े बुलन्द दो[2] मर्तबा जवाब दिया : قَدْ اَعْطَانِيْهِمَا رَبِّیْ عَزَّ وَجَلَّ فِی الْجَنَّةِ. मेरे रब عَزَّ وَجَلَّ ने **येह दोनों जन्नतें मुझे अ़त़ा फ़रमा दी हैं।** (تاریخ دمشق لابن عساکر ج۴۵ ص۴۵۰)

अल्लाह عَزَّ وَجَلَّ **की उन पर रह़मत हो और उन के सदक़े हमारी बे ह़िसाब मग़्फ़िरत हो।** اٰمِين بِجاهِ النَّبِیِّ الْاَمین صَلَّی اللّٰہ تعالٰی علیہ واٰلہٖ وسلَّم

दे बहरे उ़मर अपना डर या इलाही
दे इश्क़े शहे बह़रो बर या इलाही

اٰمِين بِجاهِ النَّبِیِّ الْاَمین صَلَّی اللّٰہ تعالٰی علیہ واٰلہٖ وسلَّم

صَلُّوا عَلَی الْحَبِیب ! صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلٰی مُحَمَّد

سُبْحٰنَ اللّٰہ عَزَّوَجَلَّ ! क्या शान है फ़ारूक़े आ'ज़म ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ की, कि ब अ़त़ाए रब्बे अक्बर عَزَّ وَجَلَّ आप رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने अहले **क़ब्र** के **अह़्वाल मा'लूम कर लिये।** इस रिवायत से येह भी पता चला कि जो शख़्स नेकियों भरी ज़िन्दगी गुज़ारेगा और ख़ौफ़े ख़ुदा عَزَّ وَجَلَّ से लरज़ां व तरसां रहेगा, बारगाहे इलाही عَزَّ وَجَلَّ में खड़ा होने से डरेगा, वोह **अल्लाहु रब्बुल उ़ला** عَزَّ وَجَلَّ की रह़मते कामिला से **दो जन्नतों** का ह़क़दार क़रार पाएगा। जवानी में इ़बादत करने और ख़ौफ़े ख़ुदा عَزَّ وَجَلَّ रखने वालों को मुबारक हो कि बरोज़े क़ियामत जब सूरज एक मील पर रह कर आग बरसा रहा होगा, सायए अ़र्श के इ़लावा उस जां-गुज़ा (या'नी जान को तक्लीफ़ में डालने वाली) गरमी से बचने का कोई ज़रीआ़ न होगा तो **अल्लाहु रह़मान** عَزَّ وَجَلَّ ऐसे **ख़ुश क़िस्मत मुसल्मान को अपने अ़र्शे पनाह गाहे अहले फ़र्श का सायए रह़मत इनायत फ़रमाएगा** जैसा कि

सायए अ़र्श पाने वाले ख़ुश नसीब

दा'वते इस्लामी के इशाअ़ती इदारे **मक-त-बतुल मदीना** की मत़्बूआ़ **88** सफ़ह़ात पर मुश्तमिल किताब **''सायए अ़र्श किस किस को मिलेगा ?''** सफ़ह़ा **20** पर ह़ज़रते सय्यिदुना इमाम जलालुद्दीन सुयूत़ी शाफ़ेई عَلَیْہِ رَحْمَۃُ اللّٰہِ الْکَافِی नक़्ल फ़रमाते हैं **:** ह़ज़रते सय्यिदुना सलमान رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने ह़ज़रते सय्यिदुना अबुद्दरदा رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ की त़रफ़ ख़त़ लिखा कि इन सिफ़ात के ह़ामिल **मुसल्मान अ़र्श के साए में होंगे :** (उन

में से दो येह हैं) (1)..... वोह शख़्स जिस की नश्वो नुमा इस ह़ाल में हुई कि उस की **सोह़बत, जवानी और क़ुव्वत अल्लाहु रब्बुल इ़ज़्ज़त** عَزَّ وَجَلَّ की पसन्द और रिज़ा वाले कामों में सर्फ़ हुई और (2)..... वोह शख़्स जिस ने **अल्लाह** عَزَّ وَجَلَّ का ज़िक्र किया और उस के ख़ौफ़ से उस की आंखों से आंसू बह निकले। **(مُصَنَّف ابن اَبی شَیْبه ج۸ ص۱۷۹ حدیث۱۲)**

या रब ! मैं तेरे ख़ौफ़ से रोता रहूं हर दम
दीवाना शहन्शाहे मदीना का बना दे

(वसाइले बख़्शिश, स. 110)

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

अचानक दो शेर आ पहुंचे

ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ को एक शख़्स ढूंड रहा था, किसी ने बताया कि कहीं आबादी के बाहर सो रहे होंगे। वोह शख़्स आबादी के बाहर निकल कर आप को तलाश करने लगा यहां तक कि ह़ज़रते उ़मर رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ को इस ह़ालत में पाया कि आप رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ सर के नीचे दुर्रा रखे हुए ज़मीन पर सो रहे थे, उस ने नियाम से तलवार निकाली और वार करना ही चाहता था कि ग़ैब से **दो[2] शेर** नुमूदार हुए और उस की त़रफ़ बढ़े, येह मन्ज़र देख कर वोह चीख़ पड़ा, उस की आवाज़ से ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰهُ تَعَالٰی عَنْهُ बेदार हो गए, उस ने अपना सारा वाक़िआ़ बयान किया और आप के दस्ते ह़क़ परस्त पर मुसल्मान हो गया। **(تفسیرِ کبیر ج۷ ص۴۳۳)**

घर वालों को तहज्जुद के लिये जगाते

ह़ज़रते सय्यिदुना इब्ने उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا रिवायत करते हैं कि इन के वालिदे माजिद ह़ज़रते सय्यिदुना **फ़ारूक़े आ'ज़म** رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ रात को उठ कर नमाज़ें अदा फ़रमाते, इस के बा'द जब रात का आख़िरी वक़्त आ जाता तो अपने घर वालों को बेदार कर के फ़रमाते कि नमाज़ पढ़ो। फिर येह आयते मुबा-रका तिलावत करते :

وَاْمُرْ اَهْلَكَ بِالصَّلٰوةِ وَاصْطَبِرْ عَلَيْهَا ؕ لَا نَسْـَٔلُكَ رِزْقًا ؕ نَحْنُ نَرْزُقُكَ ؕ وَالْعَاقِبَةُ لِلتَّقْوٰى ﴿۱۳۲﴾

(پ۱۶، طٰہٰ:۱۳۲)

तर-ज-मए कन्ज़ुल ईमान : और अपने घर वालों को नमाज़ का हुक्म दे और ख़ुद इस पर साबित रह कुछ हम तुझ से रोज़ी नहीं मांगते हम तुझे रोज़ी देंगे और अन्जाम का भला परहेज़ गारी के लिये।

(مؤطّا امام مالك ج۱ ص۱۲۳ حدیث ۲۶۵)

अमीरुल मुअमिनीन, इमामुल आ़दिलीन, ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के नमाज़ियों की ख़बर गीरी करने की एक रिवायत और मुला-ह़ज़ा फ़रमाइये नीज़ इस के मुत़ाबिक़ अ़मल का ज़ेह्न बनाइये चुनान्चे **अमीरुल मुअमिनीन** फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने सुब्ह़ की नमाज़ में ह़ज़रते सय्यिदुना सुलैमान बिन अबी **ह़स्मा** رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ को नहीं देखा। बाज़ार तशरीफ़ ले गए, रास्ते में सय्यिदुना **सुलैमान** رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ का घर था उन की मां ह़ज़रते सय्यि-दतुना **शिफ़ा** رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہَا के पास तशरीफ़ ले गए और फ़रमाया कि सुब्ह़ की नमाज़ में मैं ने सुलैमान को नहीं पाया ! उन्हों ने कहा : रात में नमाज़ (या'नी नफ़्लें) पढ़ते रहे फिर नींद आ गई, सय्यिदुना **उ़मर**

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم : शबे जुमुआ और रोज़े मुझ पर दुरूद की कसरत कर लिया करो जो ऐसा करेगा क़ियामत के दिन मैं उस का शफ़ीअ़ व गवाह बनूंगा। (شعب الایمان)

फ़ारूके़ आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने फ़रमाया : सुब्ह़ की नमाज़ जमाअ़त से पढ़ूं येह मेरे नज़्दीक इस से बेहतर है कि रात में क़ियाम करूं। (या'नी रात भर नफ़्लें पढ़ूं) **(موطّا امام مالك ج١ص١٣٤حديث٣٠٠)**

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! देखा आप ने ! सय्यिदुना उ़मर फ़ारूके़ आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ने घर जा कर ख़बर निकाली, इस रिवायत से येह भी मा'लूम हुवा कि शब भर नवाफ़िल पढ़ने या इज्तिमाए ज़िक्रो ना'त या सुन्नतों भरे इज्तिमाअ़ में रात गए तक शिर्कत करने के सबब सुब्ह़ की नमाज़ क़ज़ा हो जाना कुजा अगर फ़ज्र की जमाअ़त भी चली जाती हो तो लाज़िम है कि इस त़रह़ के मुस्तह़ब्बात छोड़ कर रात आराम कर ले और बा जमाअ़त नमाज़े फ़ज्र अदा करे।

मह़बूबे फ़ारूके़ आ'ज़म

फ़रमाने फ़ारूके़ आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ : मुझे वोह शख़्स मह़बूब (या'नी प्यारा) है जो मुझे मेरे ऐ़ब बताए। **(الطبقات الكبرى لابن سعد ج٣ص٢٢٢)**

शह्द का पियाला

ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूके़ आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ की ख़िदमत में शह्द का पियाला पेश किया गया, उसे अपने हाथ पर रख कर तीन[3] मर्तबा फ़रमाया : "अगर मैं इसे पी लूं तो इस की ह़लावत (या'नी लज़्ज़त व मिठास) ख़त्म हो जाएगी मगर ह़िसाब बाक़ी रह जाएगा।" फिर आप ने किसी और को दे दिया। **(الزهد لابن المبارك ص٢١٩)**

फ़ानी दुन्या का नुक़्सान बरदाश्त कर लिया करो

अमीरुल मुअमिनीन, ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूके़ आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ फ़रमाते हैं : मैं ने इस बात पर ग़ौर किया है कि जब दुन्या

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّى اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم : जो मुझ पर एक बार दुरूद पढ़ता है **अल्लाह** उस के लिये एक क़ीरात़ अज्र लिखता है और क़ीरात़ उहुद पहाड़ जितना है। (عبدالرزاق)

का इरादा करता हूं तो आख़िरत का नुक़्सान होता नज़र आता है और जब आख़िरत का इरादा करता हूं तो दुन्या को नुक़्सान महसूस होता है चूंकि मुआ़-मला ही इसी त़रह़ का है लिहाज़ा तुम (आख़िरत का नहीं बल्कि) फ़ानी दुन्या का नुक़्सान बरदाश्त कर लिया करो। (اَلزُّھد للامام احمد ص۱۰۲)

फ़ारूके़ आ'ज़म का रोना

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! मह़बूबे जनाबे सादिक़ो अमीन, सय्यिदुल ख़ाइफ़ीन, **अमीरुल मुअमिनीन**, ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूके़ आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ क़त़्ई जन्नती होने के बा वुजूद ख़ौफ़े ख़ुदा عَزَّ وَجَلَّ से गिर्या कुनां रहते बल्कि ख़शिय्यते इलाही عَزَّ وَجَلَّ से रोने के सबब आप رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के चेहरए पुर अन्वार पर दो सियाह लकीरें पड़ गई थीं चुनान्चे **दा'वते इस्लामी** के इशाअ़ती इदारे **मक-त-बतुल मदीना** की मत़्बूआ़ **695** सफ़ह़ात पर मुश्तमिल किताब **"अल्लाह वालों की बातें"** जिल्द अव्वल, सफ़ह़ा **123** पर ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूके़ आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ की पाकीज़ा ज़िन्दगी के एक ह़सीन और लाइके़ तक़्लीद गोशे का ज़िक्र है : ह़ज़रते **अ़ब्दुल्लाह** बिन ईसा رَحْمَۃُ اللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ से रिवायत है कि साहि़बे ख़ौफ़ो ख़शिय्यत, नज्मे राहे हिदायत, मम्बए़ इल्मो ह़िक्मत ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूके़ आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ के चेहरए अक़्दस पर बहुत ज़ियादा **रोने की वजह से दो[2] काली लकीरें पड़ गई थीं।**

(اَلزُّھد للا مام احمد بن حنبل ص۱۴۹)

रोने वाली आंखें मांगो रोना सब का काम नहीं
ज़िक्रे मह़ब्बत आ़म है लेकिन सोज़े मह़ब्बत आ़म नहीं

صَلُّوا عَلَی الْحَبِیْب ! صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلٰی مُحَمَّد

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم : जब तुम रसूलों पर दुरूद पढ़ो तो मुझ पर भी पढ़ो, बेशक मैं तमाम जहानों के रब का रसूल हूं। (جمع الجوامع)

ख़ुद को अ़ज़ाब से डराने का अनोखा त़रीक़ा

ह़ज़रते सय्यिदुना ह़सन बसरी عَلَیْہِ رَحْمَۃُ اللّٰہِ الْقَوِی फ़रमाते हैं : **ह़ज़रते** सय्यिदुना उ़मर बिन ख़त़्त़ाब رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ बसा अवक़ात आग के क़रीब हाथ ले जाते फिर अपने आप से सुवाल फ़रमाते : ऐ ख़त़्त़ाब के बेटे ! क्या तुझ में येह आग बरदाश्त करने की त़ाक़त है ?

(مناقب عمر بن الخطاب لابن الجوزی ص١٥٤)

बकरी का बच्चा भी मर गया तो......

अमीरुल मुअमिनीन, ह़ज़रते सय्यिदुना मौला मुश्किल कुशा, **अ़लिय्युल मुर्तज़ा, शेरे ख़ुदा** كَرَّمَ اللّٰہُ تَعَالٰی وَجْہَہُ الْکَرِیْم फ़रमाते हैं : मैं ने **अमीरुल मुअमिनीन**, ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर बिन ख़त़्त़ाब رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ को देखा कि ऊंट पर सुवार हो कर बहुत तेज़ी से जा रहे हैं, मैं ने कहा : **या अमीरल मुअमिनीन !** कहां तशरीफ़ ले जा रहे हैं ? जवाब दिया : स-दक़े का एक ऊंट भाग गया है उस की तलाश में जा रहा हूं, अगर दरियाए फ़िरात के कनारे पर बकरी का एक बच्चा भी मर गया तो बरोज़े क़ियामत उ़मर से इस के बारे में पूछगछ होगी। **(ایضاً ص١٥٣)**

जहन्नम को ब कसरत याद करो

ह़ज़रते सय्यिदुना फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ फ़रमाया करते थे : जहन्नम को कसरत से याद करो क्यूं कि इस की **गरमी निहायत सख़्त** और **गहराई बहुत ज़ियादा** है और इस के **गुर्ज़ या'नी हथोड़े लोहे** के हैं। (जिन से मुजरिमों को मारा जाएगा) **(ترمذی ج ٤ ص ٢٦٠ حیدث ٢٥٨٤)**

लोगों की इजाज़त से बैतुल माल से शह्द लेना

ह़ज़रते सय्यिदुना फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ एक बार बीमार हुए, त़बीबों ने इलाज में शह्द तज्वीज़ किया, बैतुल माल में शह्द मौजूद था लेकिन मुसल्मानों की इजाज़त के बिग़ैर लेने पर राज़ी न थे, चुनान्चे इसी ह़ालत में मस्जिद में ह़ाज़िर हुए और मुसल्मानों को जम्अ़ कर के इजाज़त त़लब की, जब लोगों ने इजाज़त दी तो इस्ति'माल फ़रमाया। **(طبقاتِ ابنِ سعد ج۳ ص۲۰۹)**

मुसल्सल रोज़े रखते

ह़ज़रते सय्यिदुना इब्ने उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُمَا फ़रमाते हैं : ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ विसाल से दो[2] साल तक लगातार रोज़े रखते रहे। दूसरी रिवायत में है : ब-क़रह ईद व ईदुल फ़ित्र और सफ़र के इलावा ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ मुसल्सल रोज़े रखते थे। **(مناقب عمر بن الخطاب لابن الجوزی ص۱۶۰)**

सात या नव लुक़्मे

ह़ज़रते सय्यिदुना फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ 7 या 9 लुक़्मों से ज़ियादा खाना नहीं खाते थे। **(اِحیاءُ الْعُلوم ج۳ ص۱۱۱)**

ऊंटों के बदन पर तेल मल रहे थे

ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہُ एक मर्तबा स-दक़े के ऊंटों के बदन पर क़त़रान (या'नी तेल) मल रहे थे, एक शख़्स ने अ़र्ज़ की : ह़ज़रत ! येह काम किसी ग़ुलाम से करवा लेते ! जवाब दिया : मुझ से बढ़ कर कौन ग़ुलाम हो सकता है, जो शख़्स मुसल्मानों का वाली है वोह उन का ग़ुलाम है। **(کَنْزُ الْعُمّال ج۵ ص۳۰۳ رقم ۱۴۳۰۳)**

फ़रमाने मुस्तफ़ा صَلَّی اللہ تعالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم : मुझ पर दुरूदे पाक की कसरत करो बेशक येह तुम्हारे लिये त़हारत है । (ابویعلی)

फ़ारूक़े आ'ज़म का जन्नती मह़ल

महबूबे रब्बुल इ़ज़्ज़त, रसूले रह़मत, मालिके जन्नत صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم की बिशारत के मुत़ाबिक़ ह़ज़रते सय्यिदुना फ़ारूक़े आ'ज़म رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ **अ़-श-रए मुबश्शरह में शामिल** क़त़्ई जन्नती हैं चुनान्चे ह़ज़रते सय्यिदुना जाबिर बिन **अ़ब्दुल्लाह** رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ रिवायत करते हैं कि महबूबे रह़मान, नबिय्ये ग़ैबदान, रसूले ज़ीशान صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم ने इर्शाद फ़रमाया : मैं **जन्नत** में गया, वहां मैं ने एक **मह़ल** देखा, इस्तिफ़्सार किया : (या'नी पूछा) **येह मह़ल किस का है ?** फ़िरिश्ते ने अ़र्ज़ की : ह़ज़रते **उ़मर** رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ का । मैं ने चाहा कि अन्दर दाख़िल हो कर उसे देखूं लेकिन (ऐ उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ !) तुम्हारी ग़ैरत याद आ गई । येह सुन कर ह़ज़रते सय्यिदुना उ़मर رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ अ़र्ज़ करने लगे : **या रसूलल्लाह** صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم ! मेरे मां बाप आप صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم पर क़ुरबान, क्या मैं आप صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم पर ग़ैरत कर सकता हूं ? **(بُخاری ج ۲ ص۵۲۰حدیث۳۶۷۹)** **आ'ला ह़ज़रत** رَحْمَۃُاللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ फ़रमाते हैं :

बटती है कौनैन में ने'मत रसूलुल्लाह की — لَا وَرَبِّ الْعَرْش जिस को जो मिला उन से मिला
जान की इक्सीर है उल्फ़त रसूलुल्लाह की — ख़ाक हो कर इ़श्क़ में आराम से सोना मिला

